**मैहर में नकली जूस की सप्लाई, पीने से पहले ऐसे चेक करें क्वालिटी और ब्रांडेड - MAIHAR FOOD OFFICER RAID**



**मैहर:** गर्मी के मौसम में ठंडी सॉफ्ट ड्रिंक की मांग बढ़ गई है. बच्चे और बूढ़े सहित सभी लोग इस भीषण गर्मी में ठंडी ड्रिंक पीने का शौक रखते हैं. वहीं, इसका फायदा उठाकर बाजार में नकली सॉफ्ट ड्रिंक का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है. मोटा मुनाफा कमाने के लिए बाजार में केमिकल और रंग घोल कर ब्रांडेड जूस के नाम पर इस तरह की सप्लाई हो रही है. इसकी शिकायत मिलने पर मैहर जिला खाद्य अधिकारी ने छापेमार कार्रवाई की है.

*ब्रांडेड बता कर दिया खराब क्वालिटी का सॉफ्ट ड्रिंक*

फरियादी पी के मिश्रा ने बताया कि "बीते दिनों कार्यक्रम के लिए सॉफ्ट ड्रिंक खरीदने गए थे. जहां दुकानदार ने ब्रांडेड और महंगे सॉफ्ट ड्रिंक का हवाला देते हुए खराब क्वालिटी का सॉफ्ट ड्रिंक थमा दिया. जब घर में सॉफ्ट ड्रिंक का इस्तेमाल किया तो उसका स्वाद बेहत खराब था. उस पर किसी प्रकार का कोई डेट अंकित नहीं थी. इस बारे में हमने मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ एवं फूड ऑफिसर को सूचना दी. जिसके बाद जांच अधिकारी को लेकर खरीदी वाली दुकान पर ले गए, जहां कार्रवाई की गई है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/maihar-duplicate-chemical-juices-soft-drinks-sold-in-market-food-officer-raid-samples-sent-for-testing-madhya-pradesh-news-mps25050803115